DISTRICT ELECTION OFFICE, KURUKSHETRA

# जिला निर्वाचन कार्यालय, कुरूक्षेत्र

क्रमांक निर्वाचन-2015/870 दिनांक सितम्बर, 2015
5 सितम्बर

सेवा में,

जिला के सभी शैक्षणिक संस्थानों/महाविद्यालयों के
प्रधानाचार्य/प्रबन्धक

विषय:- 01.01.2016 को क्वालीफाईंग तिथि मानकर मतदाता सूचियों का संक्षिप्त पुनरीक्षण – प्रतियोगिताएं आयोजित करवाने बारे।

उपरोक्त विषय पर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक निर्वाचन-2015/...758.......... दिनांक 01.09.2015 की निरन्तरता में आप सभी को सूचित किया जाता है कि जिला चुनाव कार्यालय द्वारा जिला स्तर पर महाविद्यालय छात्रों की विभिन्न प्रतियोगिताएं निम्न वर्णित तालिका अनुसार आयोजित करवाई जाएंगी:

| प्रतियोगिता का नाम | विषय | स्थान | तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| रंगोली प्रतियोगिता (केवल लड़कियां) | मत, मतदाता और मतदान | दयानन्द महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र | 16.10.2015 को प्रात: 10.00 बजे |
| भाषण प्रतियोगिता (कुल समय 5 मिनट) | प्रजातन्त्र की जान – मत, मतदाता और मतदान | दयानन्द महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र | 29.10.2015 को प्रात: 10.00 बजे |

अत: आप सभी से अनुरोध है कि आप अपने-2 महाविद्यालय से पूर्व में आयोजित महाविद्यालय स्तर पर उक्त प्रतियोगिताओं के प्रथम तीन प्रतिभागियों को उनके पहचान पत्र, प्रतियोगिता सामग्री व किसी वरिष्ठ प्राध्यापक/कर्मचारी के साथ उपरोक्त वर्णित प्रतियोगिताओं को भाग लेने के लिए भेजने का कष्ट करें।

कृते उपायुक्त एंव
जिला निर्वाचन अधिकारी,
कुरुक्षेत्र।

Office: 4th Floor, Mini Secretariat Building, Kurukshetra – 136118 (Haryana) (India) Tel: 01744-220507 Fax: 01744-220507
कार्यालय: चतुर्थ तल, लघु सचिवालय बिल्डिंग, कुरुक्षेत्र -136118 (हरियाणा) (भारत) दूरभाष: 01744-220507 फैक्स:01744-220507
E-mail: elt_kkr@yahoo.in
767 -D:\2015\Letter\March-15\March letter.doc

Scanned with CamScanner

Inter college Declamation Competition (list of Participants) (29/10/15)

| | Name of student & father Name & Roll No. | | College from which |
|---|---|---|---|
| 1. | Diksha D/o Sh. Dinesh Sharma | (R. No. 1028) | Jai Ram, Mahila College of Education Lohar-Majra |
| 2. | Mandeep S/o Sh. Rajesh Kumar | (R. No. 6551) | U.C.K. |
| 3. | ~~Ant~~ Suman D/o Sh. Pawan K. Joshi | (BBA I, 1806) | Jai Ram College for Girls |
| 4 | Anita D/o Sh. Jarnail Singh | (BA II/982) | Do |
| 5. | Nidhi D/o Sh. Chanderparkash | (BA I/2760) | DMM, KKR |
| 6 | Nanvi D/o Sh. Prem Sagar | (BA II/261) | DMM |
| 7 | Harshdeep Singh | (BA II/1562) | M.N. College Shahbad |
| 8 | Amandeep Singh | (BA II (1594) | " |
| 9 | Gunjan | (B.~~Sc~~ III/455) | " |
| 10 | AAkshi | (8521/M. Com.) | DMM |
| 11 | Manju | (BA I/ ) | DMM) |
| 12 | ~~Anu~~ Meena | (BEd Ist/ 15019) UCE, KKR | Uni. College of Education |

Payal

Judgement → (Inter college declamation Contest held on 29.10.15 at DMM, KKR)

① Mandeep – (R.No-6551) S/o Sh. Rajesh Kumar (U.C.K)

② Aakshi Gupta – (R.No-8521) (D.M.M)

Ist position

2nd Position

① Harshdeep Singh –(1562) S/o Sh.
(M.N College Shahabad)

3rd Position

① Nanvi – (R.No-(261)) – D/o Sh. Prem Sagar
(D.M.M)

Vishu 29/10/15 (Jai Ram Mahila College of Edu.)

Santosh. 29/10/15 (D.M.M. College)

Scanned with CamScanner

2015-16

**दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र**
**प्रैस-नोट**
**अर्न्तमहाविधालय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन**
**विषय- मत,मतदाता एंव मतदान**

आज दिनांक 29.10.15 को दयानन्द महिला महाविद्यालय, कुरुक्षेत्र में स्वीप सैल द्वारा जिला निर्वाचन आयोग के सहयोग से अर्न्तमहाविधालया भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविधालयें के 12 प्रतियोगियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा.रामप्रकाश जी,पूर्व सांसद,राज्यसभा व प्रधान,प्रबन्ध समिति,दयानंन्द महिला महाविधयालय ने की। इस अवसर पर तहसीलदार(निर्वाचन)श्री राजकुमार एंव कानूनगो(चुनाव)श्री सुभाष जिला निर्वाचन कार्यालय से उपस्थित रहे। इस अवसर पर डा.रामप्रकाश जी ने कहा कि मतदान के प्रति जागरूकता के साथ-साथ यह भी सुनिश्चित करें कि वे मत के अधिकार का प्रयोग धर्म,जाति एंव भाषा के आधार पर नही बल्कि उम्मीदवार की योग्यता व दल के कार्यक्रम के आधार पर करें । नोडल अधिकारी,निर्वाचन,श्रीमती पायल आनन्द चौधरी ने कहा कि लोकतन्त्र की सफलता के लिये नागरिकों की मत के प्रति सतत् जागरूकता अनिवार्य है। श्रीमती सपना मलिक ने प्रतियोगिता के विषय 'मत,मतदाता एंव मतदान' की सार्थकता के प्रति सजग रहने का कर्तव्यबोध करवाया। तहसीलदार(निर्वाचन)श्री राजकुमार जी ने मतदाता पहचानपत्र बनवाने की प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी दी। प्राचार्या डा. (श्रीमती) स्नेह प्रभा ने बताया कि लोकतन्त्र का उज्जवल स्वरूप युवावर्ग की सजग भागीदारी पर निर्भर करता है। मंच का संचालन स्वीप एम्बेसडर कु.नान्वी ने किया। प्रतियोगिता में श्रीमती सन्तोष व श्रीमती विशू ने निर्णायक दल की भूमिका निभाई।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मनदीप व आक्षी गुप्ता ने संयुक्त रूप से,द्वितीय स्थान हर्षदीप व तृतीय स्थान कु.नान्वी ने प्राप्त किया। प्राचार्या डा. स्नेह प्रभा ने आए हुए अधिकारीगण, अतिथियो एंव प्रतिभागियो का धन्यावाद किया।

फोटो - न:19 भाषण प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी।
फोटो - न: 24 प्रतियोगिता मे मंचासीन डा. रामप्रकाश जी, प्रधान ,महाविधालय प्रवन्धक समिति, प्राचार्य डा.श्रीमती स्नेह प्रभा, जिला निर्वाचन आयोग अधिकारी, श्रीराजकुमार जी,श्री सुभाष जी, स्वीप सैल सयोजिंका, मैडम पायल व सदस्या मैडम सपना।

Payal



Scanned with CamScanner

**Report of Inter College Declamation competition (District level) held on 29.10.2015 at Dayanand Mahila Mahavidyalaya Kurukshetra organised by SVEEP Cell**

On 29 October, 2015, a district level Declamation competition was organised by SVEEP cell of the college in which 12 students from different colleges of the district participated. Mr Rajkumar (Tehsildar) and Mr Subhash (kanoongo, district Election Office) graced the occasion with their presence. Mrs Santosh and Mrs. Vishu played the role of judges.

The results of competition were as follow:

- First prize: Mandeep and Aakshi (Joint)
- Second prize: Harshdeep
- Third prize: Nanvi

Scanned with CamScanner

अमर उजाला

शुक्रवार | 30 अक्तूबर 2015

# हर नागरिक को है वोट बनवाने का अधिकार

अमर उजाला ब्यूरो

कुरुक्षेत्र। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण का कार्य आठ नवंबर को सभी बूथों पर किया जाएगा। इस दौरान वोट भी बनाए जाएंगे।

आम लोगों को इस संबंध में जागरूक करने के लिए जिला चुनाव कार्यालय ने वीरवार को दयानंद महिला महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की। इसमें यूनिवर्सिटी कालेज के छात्र मंदीप और आक्षी गुप्ता ने प्रथम स्थान हासिल किया। दयानंद महिला महाविद्यालय कुरुक्षेत्र की छात्रा हर्षदीप ने दूसरा और एमएन कालेज शाहाबाद की छात्रा नानवी तीसरे स्थान पर रहीं।

इस प्रतियोगिता में चुनाव तहसीलदार राजकुमार ने कहा कि हर नागरिक को अपना वोट बनवाना चाहिए। वोट में बहुत ताकत होती है। नागरिकों को उसे पहचानना चाहिए। महिलाओं को भी अपने वोट बनवाने चाहिए। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. स्नेह प्रभा, प्राचार्य डॉ. पायल चौधरी, डॉ. सपना मलिक, सुभाष चंद कानूनगो उपस्थित रहे।

**वोट बनवाने के लिए अब आठ नवंबर को भी चलाया जाएगा विशेष अभियान**

## 13 नवंबर तक ली जाएंगी आपत्तियां

कुरुक्षेत्र। चुनाव तहसीलदार राजकुमार ने बताया कि जिले में एक जनवरी 2016 को क्वालीफाइंग तिथि मानकर फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 15 अक्टूबर 2015 को कर दिया गया है। अब इसका अंतिम प्रकाशन 11 जनवरी 2016 को होगा। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 15 अक्टूबर को कर दिया गया है। 13 नवंबर तक दावे और आपत्तियां ली जाएंगी। आठ नवंबर को बूथ स्तर पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि दावे और आपत्तियां दे सकेंगे। इस दिन नए वोट भी बनाए जाएंगे। सात दिसंबर को दावे और आपत्तियों का निपटान किया जाएगा। 24 दिसंबर को सभी मतदाताओं के डाटाबेस अपडेट किए जाएंगे। 11 जनवरी को मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन होगा।

Scanned with CamScanner